

## एक नजर में

### संगीतमय गो भागवत कथा 19 जनवरी से 25 जनवरी तक

**सुठालिया 16 जनवरी, सं.** कामधेनु गौ सेवा समिति एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से नगर सुठालिया में पहली बार संगीतमई गो भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. उक्त आयोजन आगामी 19 जनवरी सोमवार से 25 जनवरी रविवार के बीच होगा, इस दौरान 19 जनवरी सोमवार को सुबह 10ः00 बजे नगर के श्री राम मंदिर से कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल शिव मंदिर पर पहुंचेगी यहां कथा प्रवक्ता पंडित मनीष वशिष्ठ द्वारा प्रतिदिन 12 से 4 बजे तक गो भागवत कथा पर आधारित प्रवचन दिए जाएंगे. आयोजन कर्ताओं ने नगर के समस्त धर्म प्रेमी सज्जनों से उक्त आयोजन में सम्मिलित होकर गो भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है. कथा के दौरान 24 जनवरी को गौ सेवकों का सम्मान किया जाएगा. कथा का समापन 25 जनवरी रविवार को किया जाएगा. आयोजन को लेकर व्यापक तैयारिया की जा रहे है.

### ईकेवायसी में लापरवाही पर आधा दर्जन का वेतन काटा

**सुठालिया 16 जनवरी, सं.** ई-केवाईसी समीक्षा में दौरान ई-केवाईसी के अंतर्गत जनपद पंचायत जीरापुर एवं नरसिंहगढ़ की प्रगति सबसे कम पाई गई. जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए. साथ ही समस्त उपयंत्रियों का जनवरी 2026 का वेतन सार्थक ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर किए जाने के निर्देश दिए गए. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं पंचायतराज अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान श्री जगदीश सक्सेनापंचायत समन्वयक अधिकारी, जनपद पंचायत राजगढ़ समीक्षा बैठक में अनुपस्थित पाए गए. उनके सेक्टर में अपूर्ण आवासों की संख्या अधिक होने के कारण पूर्व प्रस्ताव अनुसार निलंबन के निर्देश दिए गए।पंचायतराज समीक्षा के दौरान समस्त खंड पंचायत अधिकारियों को एक माह के भीतर ग्राम पंचायतों में पंजी संधारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत वॉश ऑन व्हील की प्रगति की समीक्षा के दौरान प्रत्येक पंचायत को कम से कम 10-10 व्यक्तिगत शौचालयों की सफाई हेतु मांग प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के समस्त संस्थागत शौचालय एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की सफाई वॉश ऑन व्हील के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए. मुख्य कार्यपालन अधिकारीजिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है. किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी.





# हाथी घोड़ों से निकली विशाल शोभायात्रा

## राजगढ़ स्टेडियम पर विशाल हिन्दू सम्मेलन में महिलाओं ने प्रभावी उपस्थिति दिखाई

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जनवरी, का. विश्व शांति, समृद्धि एवं समरसता के संकल्प के साथ सकल हिन्दू समाज राजगढ़ नगर द्वारा विराट हिन्दू महासम्मेलन का भव्य आयोजन स्टेडियम प्रांगण, राजगढ़ में किया गया. यह महासम्मेलन हिन्दू समाज को संगठित, जागरूक एवं संस्कारित दिशा देने का प्रेरक मंच सिद्ध हुआ.**

कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 15 हजार की विशाल संख्या में मातृशक्ति एवं पुरुषों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन ऐतिहासिक बन गया. सम्मेलन का शुभारंभ संत सानिध्य में पूज्यपाद महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी जी महाराज के पावन आशीर्वचनों के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री हेमंत जी मुक्तिबोध (मध्य क्षेत्र, क्षेत्र सह कार्यवाह) एवं डॉ. निवेदिता शर्मा



(राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, हिन्दू जागरण मंच) मंचासीन रहे.

**कलश और शोभायात्रा रही ऐतिहासिक**-महासम्मेलन से पूर्व 7100 कलशों के साथ मातृशक्ति द्वारा निकाली गई कलश यात्रा ने नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया. शोभायात्रा में हाथी पर झांकी, 12 सुसज्जित घोड़े जिन पर विभिन्न महापुरुषों की जीवंत पात्र स्वरूप विराजमान थे, तथा 27 ट्रैक्टरों पर आकर्षक झांकियों ने यात्रा की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया. कुल 58 महापुरुषों के स्वरूपों ने सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का जीवंत दर्शन कराया. यह भव्य शोभायात्रा राजमहल प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए स्टेडियम प्रांगण पहुँची, जहाँ मुख्य अतिथियों का उद्बोधन हुआ. सम्मेलन का केंद्रीय विषय पंच परिवर्तन रहा, जिस पर संतों एवं वक्ताओं ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया. स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परिवर्तन ङ्क व्यक्ति, परिवार और समाज में स्वच्छता को जीवन-शैली बनाकर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना. पर्यावरण संरक्षणजल, जंगल, जमीन और जीव-जंतुओं की रक्षा; प्रकृति के प्रति कर्तव्य-बोध का जागरण.

### हिन्दू समाज की कुरीतियों पर प्रखर वक्तव्य

वक्ताओं ने हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों—नशा, सामाजिक विघटन, संस्कारहीनता और असंगठित आचरण—पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके समाधान हेतु संगठित प्रयास, सत्संग, सेवा कार्य और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आह्वान किया. कार्यक्रम के समापन पर दोप. 12 बजे से समरसता सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने एक साथ पंक्तिबद्ध होकर भोजन कर एकता और समरसता का संदेश दिया. कार्यकर्ताओं की व्यवस्था इतनी चाकचोबंद थी कि केवल तीन पाली में आगंतुक लगभग 15000 संख्या का भोजन एक साथ करवा दिया. यह विराट हिन्दू महासम्मेलन न केवल आस्था का संगम रहा, बल्कि समरस एवं संगठित हिन्दू समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुआ. कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां रही आकर्षण का केंद्र मुख्य द्वार पर प्रवेश करते ही आगंतुक समाज जनों के द्वारा मां भारती के समक्ष संकल्प के रूप में विभिन्न कुरीतियों को खत्म करने हेतु यज्ञ मे अहुती दी. साथ ही हिंदू सम्मेलन हेतु पिछले 15 दिवस से किए जा रहे कार्यक्रमों की भी प्रदर्शनी लगाई गई संघ स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने होने पर संघ की विधिवत 1 घंटे की शाखा कैसे लगाई जाती है उसकी भी प्रदर्शन स्वयंसेवको द्वारा किया गया मैदान पर श्री राम दरबार की झांकी रही आकर्षण का केंद्र. कार्यक्रम के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समाज जनों को संदेश देने के लिए 5 अलग अलग नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतिया दी गई. स्वदेशी उत्पादों के भी इंस्टॉल सम्मेलन स्थल पर लगाए गए.

# परीक्षा में ड्यूटी को लेकर बना भारी असमंजस

**मिडिल व बोर्ड परीक्षाओं के कई पेपर एक दिन**

**बोर्ड परीक्षाओं में लगती है मिडिल के शिक्षकों की ड्यूटी**

**एक दिन में दो-दो ड्यूटी कैसे करेंगे शिक्षक**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 जनवरी, का. फरवरी माह में बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल एवं हायरसेकण्डरी तथा कक्षा 8 वी मिडिल की परीक्षाएं है, प्रायः बोर्ड परीक्षाओं में मिडिल एवं प्रायमरी के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है किंतु इस बार असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है, क्योंकि बोर्ड एवं मिडिल के कई विषयों की परीक्षाएं एक ही दिन है, ऐसे में मिडिल के शिक्षक एक ही दिन में दो ड्यूटी कैसे कर पाएंगे. इसको लेकर विभाग भी पशोपेश में है.**

जानकारी के अनुसार फरवरी माह की 7 तारीख से हायरसेकण्डरी की परीक्षाएं तथा 11 तारीख से हाईस्कूल की परीक्षाएं शुरु हो रही है, जबकि कक्षा 8 वीं मिडिल की परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होगी. बोर्ड परीक्षाओं का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा मिडिल परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक रहेगा.

### दूर दराज से स्कूल आएंगे ड्यूटी पर शिक्षक

बोर्ड परीक्षा में मिडिल एवं प्रायमरी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है, कई ऐसे शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी जो नगर से कई किमी दूर ग्रामीण क्षेत्रों के मिडिल एवं प्रायमरी स्कूल में पदस्थ है, ऐसे में यदि वह बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कर उसी दिन अपने स्कूल में होने वाली मिडिल परीक्षा में ड्यूटी करने जाएंगे तो उन्हें काफी भागम-भागम के बीच अपने कार्य स्थल पर पहुंचना होगा. ऐसे में नियत समय पर पहुंचना बड़ा ही मुश्किल भरा होगा.

*बोर्ड एवं मिडिल परीक्षा के टाईम टेबल का अवलोकन करने के बाद बोर्ड एवं मिडिल के कुछ पेपर एक ही तारीखों में है, प्रायः बोर्ड परीक्षाओं में मिडिल एवं प्रायमरी के शिक्षकों की ड्यूटी लगती है, इसको लेकर वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया गया है.*

**करण सिंह भिलाला**
**जिला शिक्षा अधिकारी**
**राजगढ़**

### इन तारीखों में है एक साथ पेपर

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 8 वीं की परीक्षाएं फरवरी माह की 20, 21, 23, 25, 26, 28 तारीख में है. जबकि फरवरी माह में ही हाईस्कूल कक्षा 10 वीं की परीक्षाएं 11, 13, 14, 17, 19, 20, 24, 27 फरवरी एवं 2 मार्च को है. जबकि हायर सेकण्डरी कक्षा 12 वीं की परीक्षाएं 7,9, 10, 13, 14, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 27 फरवरी तथा 2 एवं 5 मार्च को है. इस तरह फरवरी माह की 20, 21, 23, 25, 26 तारीख को बोर्ड एवं मिडिल कक्षा की परीक्षाएं एक ही दिन होना सामने आया है.

# सार्वजनिक टॉयलेट नहीं होने से राहगीर हो रहे परेशान

राजगढ़ रोड, सिविल अस्पताल रोड, मुल्तानपुरा क्षेत्र में नहीं सार्वजनिक टॉयलेट

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जनवरी, का. नगर में कई मुख्य मार्गो पर दूर-दूर तक सार्वजनिक टॉयलेट नहीं होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.**

राजगढ़ रोड, सिविल अस्पताल रोड, मुल्तानपुरा क्षेत्र में सार्वजनिक टॉयलेट नहीं होने से राहगीरों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. गौरतलब है कि राजगढ़ रोड पर सब्जी मंडी के यहां से राजगढ़ बायपास चौराहा, अहिंसा द्वार से सिविल अस्पताल, कर्मचारी कॉलोनी तक के लम्बे क्षेत्र में सार्वजनिक टॉयलेट नहीं है. इसी तरह सुठालिया बायपास पर भी सार्वजनिक टॉयलेट नहीं है.

**अस्पताल रोड पर रहता काफी यातायात**- अहिंसा द्वार से लेकर सिविल अस्पताल, कर्मचारी कॉलोनी तक काफी दूरी का सफर तय करना पड़ता है. इसी मार्ग पर एसडीएम कार्यालय, तहसील, रेस्ट हाऊस सहित अन्य रहवासी कॉलोनी है, बावजूद इसके इस रास्ते पर कोई सार्वजनिक टॉयलेट नहीं है. जबकि हर दिन इस मार्ग पर काफी व्यस्त यातायात होकर सैकड़ो की संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है.

**जहां टॉयलेट है वह दुर्दशा का शिकार**- एक और जहां कई महत्वपूर्ण रास्तों, क्षेत्र में टॉयलेट नहीं है, वहीं जहां टॉयलेट है उनकी बुरी हालत हो रही है. उचित सफाई नहीं होने, जीर्णशीर्ण अवस्था में यह टॉयलेट है. मैन मार्केट में क्रमांक 1 स्कूल के समीप, नपा कॉम्पलेक्स, सब्जी मंडी के समीप आदि अन्य जगह जहां सार्वजनिक टॉयलेट है उनकी काफी दुर्दशा हो रही है, कई जगह तो ऐसे हालात है कि लोग चाहकर भी इनका उपयोग नहीं कर पाते है. इन टॉयलेट की इतनी अधिक बदहाली हो रही है कि दूर-दूर तक दुर्गंध उठती है, जिससे आसपास के दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

## हजारों की भीड़ में चाक चौबंद रही व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 16 जनवरी, सं.** सुठालिया के समीपस्थ पार्वती नदी स्थित घोघरा घाट मंदिर धाम पर भी मकर सक्रांति पर गुरुवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. यहां पर विशाल मेला लगा हुआ है. घोघरा घाट तक के एकांकी मार्ग पर हर बार मकर सक्रांति पर जाम के हालात बनते है किंतु इस बार पुलिस प्रशासन की तरफ से व्यापक व्यवस्था की गई. जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे. यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था काफी चाक चौबंद रही. साथ ही जनपद पंचायत के कर्मचारी व्यवस्थाओं में लगे रहे. व्यापक उचित प्रबंध के चलते आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा. यहां बड़े एवं छोटे वाहनों की पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई. गौरतलब है कि सुठालिया स्थित पुलिस थाने के समीप से घोघरा घाट जाने का रास्ता जाता है. इस सकरे मार्ग पर हर बार मकर सक्रांति पर काफी जाम लग जाता है जिसके कारण परेशानियों का सामना राहगीरों को करना पड़ता है.

### युवा दिवस महाविद्यालय में की खेल प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 16 जनवरी, का.** अभाविप की नेताजी सुभाषचन्द्र महाविद्यालय इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. जिसमे नगर के कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया,विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, अभाविप जिला महाविद्यालय संयोजक जीत शिवहरे तथा विशेष अतिथि महाविद्यालय खेल अधिकारी राकेश सिंह रहे,शिवहरे ने खिलाड़ियों को स्वामी विवेकानंद के विचारो को आत्मसात कर निरंतर परिश्रम करने और अपने लक्ष्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहें को कहा साथ ही बताया स्वस्थ युवा राष्ट्र की रीड है जो देश का भविष्य भी है.

# लापरवाही पर चार की सेवा समाप्ति के निर्देश जारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जनवरी, का.** जिला पंचातय सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में लापरवाही पर 4 अधिकारियों की सेवा समाप्ति के नोटिस जारी किए गए है बैठक में जिले में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक के दौरान सी.एम. हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा निर्देश दिए गए कि जो जनपद पंचायतें ए-ग्रेड प्राप्त नहीं करेंगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी. मनरेगा योजना की समीक्षा के अंतर्गत एक बगिया माँ के नाम, सामग्री भुगतान, अपूर्ण कार्य, अपूर्ण आवास, समग्र-आधार सिडिंग की स्थिति, रिचार्ज सॉफ्ट आदि बिंदुओं की जनपद पंचायतवार एवं उपयंत्रीवार समीक्षा की गई. समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर अनिल नामदेव उपयंत्री मनरेगाजनपद पंचायत नरसिंहगढ़ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया.

जितेन्द्र उमठ उपयंत्री द्वारा भी बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वेतन रोकने, सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने एवं सेवा समाप्ति प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए. पंकज सिंह उपयंत्री के विरुद्ध तीन दिवस का वेतन काटने एवं एक वर्ष की प्रवेक्षा अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए. जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की समीक्षा के दौरान सुश्री बबीता राज उपयंत्री की कम प्रगति पाए जाने पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए.

साथ ही जनपद पंचायत ब्यावरा में एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा के दौरान भानु प्रताप सिंह खींची सहायक लेखाधिकारी मनरेगा के विरुद्ध पूर्व में जारी कारण बताओ सूचना पत्र के आधार पर कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति के निर्देश दिए गए. जनपद पंचायत खिलचीपुर की समीक्षा के दौरान संदीप पाटिलउपयंत्री द्वारा कोई बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने पर एक सप्ताह का वेतन काटने एवं संविदा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए.

### संक्राति पर लगातार दूसरे दिन मंदिरों में जुटे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जनवरी, का. इस बार बुधवार एवं गुरुवार दो दिन मकर सक्रांति का पर्व रहा, किंतु अधिकांशतः जगह गुरुवार को पर्व मनाए जाने से आज मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बुधवार की तुलना में दोगुना रही.** सुबह से ही मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन, पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया. दिन भर मंदिरों में भीड़ रही. गौरतलब है कि 14 एवं 15 जनवरी दो दिन मकर सक्रांति का पर्व मनाया गया. गुरुवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध घुरेल धाम पर जिले एवं दूर-दराह से हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे. सुबह से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरु हुआ जो रात तक जारी रहा. इसी तरह नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम, बीड़ मंदिर, प्राचीन शिवालयों, श्री बालाजी मंदिर, चर्तुभुजनाथ मंदिर, श्री बिहारीजी मंदिर, माँ वैष्णोदेवी मंदिर, काली माता मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, कैलादेवी मंदिर, सिंह वाहिनी मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर सहित सभी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. राजगढ़ स्थित खोयरी धाम पर भी काफी भीड़ रही. नरसिंहगढ़ स्थित छोटे एवं बड़े महादेव सहित अन्य मंदिरों में जिले भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.






भूमि पूजन | ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 10 करोड़ की लागत के अटल सुशासन भवन का किया भूमिपूजन

# गांवों का ऐसा विकास हो कि लोग फिर से गांवों की ओर चल पड़ें

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 16 जनवरी, सं.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा शुक्रवार को अटल सुशासन भवन जनपद पंचायत जीरापुर एवं खिलचीपुर में 10 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन का भूमि पूजन किया गया. कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल रहे. मंत्री श्री पटेल का स्वागत पुष्पवर्षा एवं स्कूल की बालिकाओं द्वारा बैंड प्रदर्शन के साथ किया गया.




जिसकी उन्होंने मंच से सराहना करते हुए छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की. मंत्री श्री पटेल ने कहा कि योजनाएं ऐसी बननी चाहिए जिससे गांव आगे बढ़ें, लेकिन मुफ्तखोरी नहीं हो. गांव में आय का सृजन हो ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके. उन्होंने कहा कि मजदूरों का अहित न हो और उनके पैसे न लुटें, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि गांवों को बेहतर बनाने के लिए नियमित बैठकों का आयोजन करें, चाहे विचारधाराएं अलग ही क्यों न हों. गांव के हित में काम करें तो पर्याप्त संसाधन और धन उपलब्ध कराए जाएंगे. उन्होंने सरपंचों से स्पष्ट कार्ययोजना बनाने का आह्वान किया.

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार गांवों को समृद्ध बनाने के लिए संकल्पित है. उन्होंने कहा कि गांव समृद्ध होंगे तो लोगों का गांवों की ओर लौटना बढ़ेगा. उन्होंने पर्यावरण पर बल देते हुए कहा कि गांवों में स्वच्छ हवा और बेहतर ऑक्सीजन बनी रहनी चाहिए. केवल कंक्रीट के जंगल बनाने में व्यस्त न रहें, बल्कि गांवों की पुरानी विरासत को भी संजोकर रखें. भूमि पूजन के साथ ही नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया.

इस अवसर पर विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी ने कहा कि 6 जनपदों में से 2 जनपद खिलचीपुर एवं जीरापुर को एक साथ स्वीकृति मिली. पंचायत स्तर पर सामुदायिक भवन की राशि 5 लाख रूपये से बढ़ाकर 25 लाख रूपये की गई. राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि दो भवनों की स्वीकृति के साथ क्षेत्र को करोड़ों की सौगात मिली है. सभी प्रकार के सामुदायिक विकास कार्य निरंतर हो रहे हैं और सरकार गांवों की तस्वीर बदल रही है. राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री टेटवाल ने कहा कि वे जीरापुर के भांजे हैं तथा मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत किया. सांसद श्री नागर ने अपने संबोधन में कहा कि आज क्षेत्र के कायाकल्प की विकास रेखाएं खिंच रही हैं. उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ग्रामोदय से भारत उदय की दिशा में कार्य कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि 622 पंचायतों में 87 नए ग्राम पंचायत भवनों की स्वीकृति दी गई है. सांसद श्री नागर ने कहा कि विकास जिस गति से हो रहा है, उसी के साथ विरासत का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है. क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार सौगातें दी जा रही हैं और चारों ओर विकास ही विकास दिखाई दे रहा है.

### गाड़गंगा नदी पर किया पूजन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत संडावता अंतर्गत ग्राम मलकाना में स्थित गाड़गंगा नदी पर विधिवत पूजन अर्चन किया. इस अवसर पर उन्होंने नदी संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया. उन्होंने कहा कि गाड़गंगा नदी क्षेत्र की आस्था और संस्कृति से जुड़ी हुई है.